# समाचार वाणी

**ख़बर जो करें असर !**

नाशिक | Wednesday, 30 September 2026


## नॉर्थ ईस्ट मे भारी बारिश और बाढ़ का कहर : अब तक 37 की मौत, 7 लाख से ज्यादा लोग प्रभावित ।

Publisher | Published on 04 Jun 2025



## असम, मिजोरम, अरुणाचल, मेघालय और नगालैडं मे तंबाही का मंजर, हजारों लोग राहत शिविरों मे ।

**गुवाहाटी/कोहिमा/आइजोल, 4 जून 2025:** पूर्वोत्तर भारत में पिछले चार दिनों से जारी **मूसलधार बारिश** ने बाढ़ और **भूस्खलन (लैडंस्लाइड)** की भयावह स्थिति पैदा कर दी है। अब तक 37 लोगों की मौत हो चुकी है और 7 लाख से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं। प्रभावित राज्यों में **असम, मिजोरम, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश** और **नगालैडं** शामिल हैं।

**असम मे बांढ़ की स्थिति बेहद गंभीर**
असम राज्य **आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (ASDMA)** की रिपोर्ट के अनुसार, **21 जिलों के 1,506 गांवों मे 6.33 लाख से ज्यादा लोग** बाढ़ की चपेट में हैं। **223 राहत शिविर और 288 राहत वितरण केद्रं** सक्रिय हैं। अब तक राज्य में **10 लोगों की मौत** हो चुकी है और **ब्रह्मपुत्र** सहित सात नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं।

**बारपेटा, बोंगाईगांव, नलबाड़ी, ग्वालपारा** और बक्सा जैसे जिले बुरी तरह प्रभावित हैं। मौसम विभाग ने अगले कुछ दिनों में और भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है।

**नगालैडं : लैडंस्लाइड से संपर्क मार्ग ध्वस्त**
**कोहिमा जिले** में भारी बारिश के चलते **राष्ट्रीय राजमार्ग-2 का 50 मीटर हिस्सा ढह** गया, जिससे **नगालैडं** और **मणिपुर** के बीच संपर्क टूट गया है। **उपमुख्यमंत्री टीआर जेलियांग** ने स्वयं घटनास्थल का दौरा किया और आपात वैकल्पिक सड़क निर्माण के

निर्देश दिए।

**मिजोरम : मकान ढहे, लोग हुए बेघर**

**मिजोरम** में पिछले दस दिनों में **लैडंस्लाइड** और मकान ढहने की 552 घटनाएं सामने आई हैं। अब तक **5 लोगों की मौत, 152 मकान क्षतिग्रस्त,** और **198 परिवारों** को सुरक्षित स्थानों पर भेजा गया है। **आइजोल, चंफाई** और सेरछिप जिलों में सबसे ज्यादा नुकसान हुआ है।

**अन्य राज्यों की स्थिति**

१. **मेघालय मे 6 मौते और कई क्षेत्रों मे संड़के बंद।**

२. **अरुणाचल प्रदेश मे 9 लोगों की मौत और बाढ़ से गांवों मे जंनजीवन प्रभावित**।

३. **सिक्किम और ऊपरी पर्वतीय क्षेत्रों मे भूंस्खलन के कारण यातायात अवरुद्ध**।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.